इतना सवर मत श्याम नजर तोहे लग जायेगी

इतना सवर मत श्याम नजर तोहे लग जायेगी,
नजर तोहे लग जायेगी,नजर तोहे लग जायेगी,
इतना सवर मत श्याम नजर तोहे लग जायेगी,

होठा को रंग लाल तिहारो चाँद के जैसो मुखडो प्यारो,
गल विच नो सर हार नजर तोहे लग जायेगी,

लट घुंघराली काली काली,
शीश मुकट कानो में वाली,
तीखे तीखे नैन कटार,
नजर तोहे लग जायेगी,

रंग बिरंगो भागा थारो,
रूप सलोनो लागे प्यारो,
खुभ सजो शृंगार नजर तोहे लग जायेगी,

शिव सुबोद का मन है हर्षायो
देख अमित फूलो न समायो,
श्याम धनी सरकार,
नजर तोहे लग जायेगी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13308/title/itna-savar-mat-shyam-najar-tohe-lag-jaayegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |